**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**D 5 0 1 5**

# PAPER - II
# INDIAN CULTURE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## INDIAN CULTURE
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which of the following Harappan sites has revealed polished pillar fragments ?

(1) Rakhigarhi (2) Kalibangan (3) Dholavira (4) Mohenjodaro

**2.** Which of the following Gods in the Rigveda is also considered a prist (ritvij) who is a connecting link between men and Gods ?

(1) Marut (2) Yama (3) Rudra (4) Agni

**3.** Which of the following God/Goddess in Kenopanishad realizes first that Brahman is the power behind all Gods ?

(1) Indra (2) Vayu (3) Agni (4) Uma Haimvati

**4.** Which of the following upanishads mentions clearly devotion (bhakti) towards preceptor (guru) for the first time ?

(1) Aetareya upanishad (2) Prashna upanishad
(3) Shvetashvatara upanishad (4) Mundaka upanishad

**5.** Which one of the following texts refers to the Pancharatra cult as "lokatantra" or religion for all ?

(1) Bhagavadgita (2) Bhagavata Purana
(3) Ramayana (4) Shanti Parva of the Mahabharata

**6.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer. Match the following Buddhist Councils with their Presidents :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | First Buddhist Council | (i) | Yasha |
| (b) | Second Buddhist Council | (ii) | Mahakassapa |
| (c) | Third Buddhist Council | (iii) | Vasumitra |
| (d) | Fourth Buddhist Council | (iv) | Mogaliputta Tissa |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

## भारतीय संस्कृति

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. निम्नलिखित हड़प्पन स्थलों में से किसमें ओप (चमक) वाले स्तंभों के अवशेष प्राप्त हुए हैं?
   (1) राखीगढ़ी (2) कालीबंगा (3) धौलावीरा (4) मोहनजोदड़ो

2. निम्नलिखित में से ऋग्वेद में कौन-सा देवता पुरोहित (ऋत्विज) भी माना गया है, जो मनुष्यों तथा देवताओं के बीच की कड़ी है?
   (1) मरुत् (2) यम (3) रुद्र (4) अग्नि

3. केनोपनिषद् में किस देवता/देवी ने सर्वप्रथम अनुभव किया कि सभी देवताओं के पीछे ब्रह्म की शक्ति है?
   (1) इन्द्र (2) वायु (3) अग्नि (4) उमा हैमवती

4. निम्नलिखित में से कौन-सी उपनिषद् में सर्वप्रथम स्पष्ट रूप से गुरु के प्रति भक्ति कही गयी है?
   (1) ऐतरेय उपनिषद् (2) प्रश्न उपनिषद्
   (3) श्वेताश्वतर उपनिषद् (4) मुंडक उपनिषद्

5. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ पञ्चरात्र पंथ को 'लोकतंत्र' अथवा सभी के लिए धर्म कहता है?
   (1) भगवद्गीता (2) भागवत पुराण
   (3) रामायण (4) महाभारत का शांति पर्व

6. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये। निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिये। निम्नलिखित बौद्ध समितियों को उनके अध्यक्षों से सुमेलित कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रथम बौद्ध समिति | (i) | यश |
| (b) | द्वितीय बौद्ध समिति | (ii) | महाकास्सप |
| (c) | तृतीय बौद्ध समिति | (iii) | वसुमित्र |
| (d) | चतुर्थ बौद्ध समिति | (iv) | मोगलीपुत्त तिस्स |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

7. Heliodorus in his Garuddhvaja inscription says that three practices lead to eternity (Amrit Pada). Which of the following were these ?
   (1) non-violence (ahimsa), truth (satya), non-anger (akrodha)
   (2) exertion (dam), relinquishing (tyaga), non-laziness (apramada)
   (3) charity (dana), sacrifice (yajna), reading of scriptures (svadhyaya)
   (4) austerity (tapa), non-violence (ahimsa), truth (satya)

8. Which one of the following statements is **not true** about Taxila as an educational centre ?
   (1) Three Vedas and eighteen Shilpas (practical disciplines) were taught
   (2) Only those who could afford fees were given admission
   (3) The university made arrangements for the food and medical facilities of the students
   (4) Some students lived in hostels of the university and some outside the university

9. Which of the following was **not** Ashvaghosha's work ?
   (1) Buddhacharita (2) Buddhavansh
   (3) Saundarananda (4) Sariputraprakarana

10. Who among the following was **not** among the first four disciples of Lakulisha ?
   (1) Kushika (2) Kaundinya (3) Mitra (4) Kaurushya

11. Which one of the following was **not** a coin ?
   (1) Purana (2) Suvarna (3) Karshapana (4) Prasthaka

12. In which of the following Pallava monuments the portrait sculptures of a pallava king with his two queens are depicted ?
   (1) Adivaraha mandap (cave) (2) Draupadi ratha
   (3) Shore temple (4) Kailashnath temple

13. Given below are two statements. One labelled **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :
   **Assertion (A) :** Pre-midieval legal works and inscriptions mention **Prakritis** as eighteen.
   **Reason (R) :** **Prakritis** in the above context mean different natures of men.
   In the context of the above two statements which of the following is **correct** ?
   (1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
   (2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
   (3) **(A)** is true and **(R)** is false
   (4) **(A)** is false and **(R)** is also false

14. Aharya abhinaya in Natyashastra refers to which of the following ?
   (1) Art of enacting the eating scenes (2) Related to dress and ornaments
   (3) Enactment of love scenes (4) Related to music and dancing

7. हिलियोडोरस अपने गरुड़ध्वज अभिलेख में कहता है कि तीन व्यवहार अमृत पद की ओर ले जाते हैं। निम्नलिखित में से वे कौन-से हैं?

(1) अहिंसा, सत्य, अक्रोध
(2) दम, त्याग, अप्रमाद
(3) दान, यज्ञ, स्वाध्याय
(4) तप, अहिंसा, सत्य

8. निम्नलिखित कथनों में से शिक्षण केन्द्र के रूप में तक्षशिला के विषय में कौन-सा कथन **सत्य नहीं** है?

(1) तीन वेद तथा अठारह शिल्पों (व्यावहारिक विषय) का अध्यापन होता था
(2) केवल उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता था जो शुल्क दे सकते थे
(3) विश्वविद्यालय छात्रों के भोजन तथा चिकित्सा का प्रबंध करता था
(4) कुछ छात्र विश्वविद्यालय के छात्रावास में तथा कुछ विश्वविद्यालय के बाहर भी रहते थे

9. निम्नलिखित में से कौन-सी अश्वघोष की कृति **नहीं** है?

(1) बुद्धचरित
(2) बुद्धवंश
(3) सौंदरनन्द
(4) सारिपुत्रप्रकरण

10. निम्नलिखित में से लकुलीश के प्रथम चार शिष्यों में से कौन **नहीं** था?

(1) कुशिक
(2) कौंडिन्य
(3) मित्र
(4) कौरुष्य

11. निम्नलिखित में से कौन-सा सिक्का **नहीं** था?

(1) पुराण
(2) सुवर्ण
(3) कार्षापण
(4) प्रस्थक

12. निम्नलिखित पल्लव स्मारकों में किसमें दो रानियों के साथ पल्लव राजा की आकृति का शिल्पांकन है?

(1) आदिवराह मंडप (गुहा)
(2) द्रौपदी रथ
(3) शोर मंदिर
(4) कैलाशनाथ मंदिर

13. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **अभिकथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है।

**अभिकथन (A) :** पूर्व मध्यकालीन न्यायिक ग्रन्थ तथा अभिलेखों में अठारह प्रकृतियों का उल्लेख है।

**कारण (R) :** उपर्युक्त संदर्भ में प्रकृतियों का अर्थ मनुष्यों के विभिन्न स्वभाव हैं।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।
(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है तथा **(R)** भी गलत है।

14. नाट्यशास्त्र में आहार्य अभिनय निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(1) खाने के दृश्यों का अभिनय
(2) वस्त्र एवं आभूषण से संबंधित
(3) प्रेम दृश्यों का अभिनय
(4) संगीत तथा नृत्य से संबंधित

15. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below the list. Match the following Persons with their Philosophical Backgrounds.

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Uditacharya of Mathura Pillar inscription of 380 CE | (i) | Shaiva Siddhanta |
| (b) | Manikkavasagar | (ii) | Pashupata Shaivism |
| (c) | Abhinavagupta | (iii) | Vira Shaivism |
| (d) | Akkamahadevi | (iv) | Pratyabhijna Shaivism |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

16. Which one of the following texts describes water machines (vari yantra) to bring down and raise water ?

(1) Amarakosha (2) Vaijayanti

(3) Arthashastra (4) Samarangana Sutradhara

17. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below. Match the following Inscriptions with their Authors.

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Mandsore inscription of Kumargupta I and Bandhuvarma | (i) | Vasula |
| (b) | Mandsore inscription of Yashodharma | (ii) | Vatsabhatti |
| (c) | Haraha inscription of Ishanvarma | (iii) | Ravikirti |
| (d) | Aihole inscription of Pulakeshi II | (iv) | Ravishanti |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

18. Who among the following rulers got constructed two Viharas in Nalanda as is known from the copper plate of Pala king Devapala ?

(1) King of Java (2) King of Burma (3) King of Bali (4) King of Kambuj

**15.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये। निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिये। निम्नलिखित लोगों को उनकी दार्शनिक पृष्टभूमि से सुमेलित कीजिये।

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) मथुरा स्तंभ अभिलेख 380 ई. के उदिताचार्य | (i) शैव सिद्धान्त |
| (b) मणिक्कवासगर | (ii) पाशुपत शैव मत |
| (c) अभिनवगुप्त | (iii) वीर शैव सम्प्रदाय |
| (d) अक्कामहादेवी | (iv) प्रत्यभिज्ञा शैव मत |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**16.** निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ में जल यंत्र (वारि यंत्र) का वर्णन है जो जल को नीचे और ऊपर कर सकता था?

(1) अमरकोष
(2) वैजयंती
(3) अर्थशास्त्र
(4) समराङ्गण सूत्रधार

**17.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये। निम्नलिखित अभिलेखों को उनके रचयिताओं से सुमेलित कीजिये।

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) कुमारगुप्त I एवं बंधुवर्मा का मंदसौर अभिलेख | (i) वासुल |
| (b) यशोधर्मा का मंदसौर अभिलेख | (ii) वत्सभट्टि |
| (c) ईशानवर्मा का हरहा अभिलेख | (iii) रविकीर्ति |
| (d) पुलकेशी II का ऐहोल अभिलेख | (iv) रविशांति |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**18.** पाल नरेश देवपाल के ताम्र पत्र से ज्ञात निम्नलिखित में से किस शासक ने नालन्दा में दो विहार बनवाए थे?

(1) जावा नरेश
(2) बर्मा नरेश
(3) बाली नरेश
(4) कम्बुज नरेश

**19.** Given below are two statements. One labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** Ramanuja's philosophy is called Vishishtadvaita or Qualified Monism.

**Reason (R) :** Ramanuja believed that chit (the individual soul) and achit (insentient world) are different from Brahman who is the only reality.

In the context of the above two statements which of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(3) **(A)** is true and **(R)** is false
(4) **(A)** is false and **(R)** is true

**20.** Who among the following has **no** relation with the continuation of Rajatarangini of Kalhana ?

(1) Jonaraja (2) Shrivara (3) Ruyyak (4) Prajnya Bhatta

**21.** Which of the following statements is true about Bodhisattva in the Mahayana ?

(1) Buddha in his previous lives
(2) A person who is capable of entering Nirvana but does not do so until he guides other people for Nirvana
(3) An avatara who punishes the wicked and rewards the good
(4) The ultimate spiritual principle or **Dharma kaya**

**22.** Which one of the following texts describes the various apparatus for the manufacture of perfumes ?

(1) Brihat Samhita (2) Agni Purana
(3) Gandha Sara (4) Vishnu Dharmottara Purana

**23.** Which of the following have depicted female Bodhisattvas also in their paintings ?

(1) Sarvastivada (2) Mahayana
(3) Tantrayana (4) None of the above

**24.** Which one of the following is **not** a treatise on music ?

(1) Brihaddeshi (2) Naradiya Shiksha
(3) Dattilam (4) Saraswati Kanthabharana

**25.** Which one of the following is the correct classification of four types of instruments mentioned in the Natya Shastra ?

(1) Tantra, avanaddha, ghana and sushir
(2) Tantrasara, mridanga, ghana and sushir
(3) Flute, avanaddha, ghana and sushir
(4) Vina, avanaddha, ghana and sushir

**26.** Which one of the following sites has shown the discovery of the earliest specimen of true glass in India ?

(1) Taxila (2) Ahichchatra (3) Arikmedu (4) Brahmagiri

**27.** Which of the following occupations is considered as the most lucrative of all in the Panchatantra ?

(1) Dealing with Perfumes
(2) Mortgaging
(3) Export of goods to foreign countries
(4) Cattle trade

**19.** नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं। एक को **कथन (A)** तथा दूसरे को **कारण (R)** कहा गया है।

**कथन (A) :** रामानुज के दर्शन को विशिष्टाद्वैत कहते हैं।

**कारण (R) :** रामानुज के अनुसार चित् (व्यक्तिगत आस्था) तथा अचित (जड़ जगत) ब्रह्म से भिन्न हैं जो ही केवल एक सत्य है।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में कौन-सा **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**20.** निम्नलिखित में से कल्हण की राजतरंगिणी को आगे बढ़ाने में किसका संबंध **नहीं** था?

(1) जोनराज (2) श्रीवर (3) रुय्यक (4) प्राज्ञ भट्ट

**21.** निम्नलिखित कथनों में से महायान में बोधिसत्व के लिये कौन-सा **सही** है?

(1) अपने पूर्व जन्मों में बुद्ध

(2) वह व्यक्ति जो निर्वाण का अधिकारी होते हुए भी उसे ग्रहण नहीं करता जब तक दूसरे व्यक्तियों को निर्वाण के लिये मार्ग प्रदर्शन नहीं करता

(3) एक अवतार जो बुरे लोगों को दंड देता है तथा अच्छे लोगों को पुरस्कृत करता है

(4) **धर्मकाय** अथवा परं आध्यात्मिक रूप

**22.** निम्नलिखित में से कौन-से ग्रन्थ में गंध बनाने के यंत्रों का वर्णन है?

(1) बृहत्संहिता (2) अग्निपुराण (3) गन्ध सार (4) विष्णुधर्मोत्तर पुराण

**23.** निम्नलिखित में से किस में अपनी चित्रकलाओं में स्त्री बोधिसत्वों को भी दर्शाया है?

(1) सर्वास्तिवाद (2) महायान (3) तंत्रयान (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** निम्नलिखित में से कौन सा ग्रन्थ संगीत का **नहीं** है?

(1) बृहद्देशी (2) नारदीय शिक्षा (3) दत्तिलम (4) सरस्वती कंठाभरण

**25.** नाट्य शास्त्र में वर्णित चार प्रकार के वाद्यों के निम्नलिखित वर्गीकरणों में कौन-सा **सही** है?

(1) तंत्र, अवनद्ध, घन तथा सुशिर (2) तंत्रसार, मृदंग, घन तथा सुशिर

(3) बांसुरी, अवनद्ध, घन तथा सुशिर (4) वीणा, अवनद्ध, घन तथा सुशिर

**26.** निम्नलिखित स्थलों में से किसमें भारत वर्ष में सर्वप्रथम सच्चे कांच की खोज दिखायी देती है?

(1) तक्षशिला (2) अहिच्छत्र (3) अरिकमेडु (4) ब्रह्मगिरि

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसाय पंञ्चतंत्र में सबसे लाभकारी माना जाता है?

(1) गंध व्यवहार (2) गिरवी का कार्य

(3) विदेशों को माल निर्यात करना (4) पशु व्यापार

**28.** The Buddha as one of the avataras of Vishnu was first depicted in art in the Pratihara period in which of the following manner ?
(1) On the door lintel of the temple along with other avataras of Vishnu
(2) As an independent deity inside the sanctum of vaishnava temples
(3) Along with Subhadra and Balarama inside the temple
(4) On the outer wall of the sanctum along with other avataras of Vishnu

**29.** Which one of the following does **not** have chapters on Vrikshayurveda ?
(1) Bhagavata Purana (2) Agni Purana
(3) Brihat Samhita (4) Krishi Parashar

**30.** Which of the following rules was ordained for an adulterous woman in Vashishtha Dharma Sutra ?
(1) The woman should be turned out of the house
(2) The woman should never be abandoned and should be accepted after a three day penance
(3) The woman's Stridhana (woman's property) should be confiscated
(4) The woman should be tortured physically

**31.** Sherwani, a very popular attire in South Asia came from :
(1) Syria (2) West Asia (3) Egypt (4) Central Asia

**32.** Which one of the following was **not** the member of Akbar's **Tauhid - i - Ilahi** ?
(1) Abul Fazl (2) Shaikh Mubarak (3) Birbal (4) Tansen

**33.** Which of the following sultan did **not** like to appoint base and low - born persons to the higher positions in the government ?
(1) Sultan Iltutmish (2) Sultan Mubarak Khalji
(3) Sultan Balban (4) Sultan Bahlol Lodhi

**34.** Guru Nanak, before his death at Kartarpur in 1539, rejecting the claims of his sons, declared his disciple Guru Angad as his successor. What was the original name of Guru Angad ?
(1) Bhai Jetha (2) Lehna (3) Bhai Gurdas (4) Bhai Prithi

**35.** Early Marathi literature was dominated by Saiva Nathpanthis. Which one of the following Marathi works do **not** belong to Nathpanthi tradition ?
(1) *Viveka Darpana* (2) *Viveka Sindhu*
(3) *Gorakhagita* (4) *Bhavartha Dipika*

**36.** Which one of the following musical treatises mentions first time the division of Indian musical form into the Hindustani and Karnataka style ?
(1) *Sangeet Ratnakar* (2) *Ghunyat-ul Munya*
(3) *Sangeet Sudhakar* (4) *Raag Tarangini*

**28.** दशावतारों में से एक के रूप में प्रतिहार काल में सर्वप्रथम बुद्ध किस प्रकार से दर्शाए गये हैं ?

(1) विष्णु के अन्य अवतारों के साथ मंदिर के ललाट बिम्ब में

(2) वैष्णव मंदिरों के गर्भगृह में स्वतंत्र देवता के रूप में

(3) मंदिर में सुभद्रा एवं बलराम के साथ

(4) गर्भगृह की बाह्य भित्ती में अन्य विष्णु के अवतारों के साथ

**29.** निम्नलिखित में से किसमें वृक्षायुर्वेद पर अध्याय **नहीं** है ?

(1) भागवत पुराण (2) अग्नि पुराण (3) बृहत्संहिता (4) कृषि पाराशर

**30.** परपुरुषगामिनी स्त्री के लिये वशिष्ठ धर्मसूत्र में निम्नलिखित नियमों में से कौन-सा विधान था ?

(1) स्त्री को घर से बाहर निकाल देना चाहिये।

(2) स्त्री को कभी भी त्यागना नहीं चाहिये तथा तीन दिन के तप के बाद उसे स्वीकार कर लेना चाहिये।

(3) स्त्री का स्त्रीधन छीन लेना चाहिये।

(4) स्त्री को शारीरिक यातना देनी चाहिये।

**31.** दक्षिण एशिया में अत्यधिक लोकप्रिय पोशाक शेरवानी कहाँ से आई ?

(1) सीरिया (2) पश्चिम एशिया (3) मिस्र (4) मध्य एशिया

**32.** निम्नांकित में से कौन अकबर के **तौहीद-ए-इलाही** का सदस्य **नहीं** था ?

(1) अबुल फजल (2) शेख मुबारक (3) बीरबल (4) तानसेन

**33.** निम्नलिखित में से किस सुल्तान को हीन और निम्नकुल के व्यक्तियों को सरकार के उच्च पदों पर नियुक्त करना पसंद **नहीं** था ?

(1) सुल्तान इल्तुतमिश (2) सुल्तान मुबारक खलजी

(3) सुल्तान बलबन (4) सुल्तान बहलोल लोदी

**34.** सन् 1539 में करतारपुर में अपने निधन से पूर्व गुरु नानक ने अपने पुत्रों के दावों को अस्वीकार करते हुए अपने शिष्य गुरु अंगद को अपना उत्तराधिकारी चुना। गुरु अंगद का वास्तविक नाम क्या था ?

(1) भाई जेठा (2) लेहना (3) भाई गुरुदास (4) भाई पृथी

**35.** आरंभिक मराठी साहित्य में शैव नाथपंथियों की प्रधानता थी। निम्नांकित में से कौन-सी मराठी कृति नाथपंथी परम्परा की **नहीं** है ?

(1) *विवेक दर्पण* (2) *विवेक सिंधु* (3) *गोरखगीता* (4) *भावार्थ दीपिका*

**36.** निम्नांकित में से किस संगीत ग्रंथ में पहली बार भारतीय संगीत को हिन्दुस्तानी शैली तथा कर्नाटक शैली में वर्गीकृत किया गया ?

(1) *संगीत रत्नाकर* (2) *घुन्यात-उल मुन्या* (3) *संगीत सुधाकर* (4) *राग तरंगिनी*

**37.** Which of the following statement/s is/are **correct** ?

(1) Firoz Tughluq had 1,80,000 slaves.

(2) Firoz Tughluq employed 12,000 slaves as artisans in his *Karkhanas.*

(3) Malik Kafur, the architect of Alauddin's southern campaigns, was a slave.

(4) All the above.

**38.** For which of the following rivers, Babur writes, 'the Hindus firmly believe that, if its water touch a person, the merit of his works is destroyed, with this belief its name accords' ?

(1) Sutlej (2) Karma-nasa (3) Ravi (4) Chinab

**39.** Prince Dara Shikoh compiled his famous treatise *Majma-ul Bahrain* after having discussions with :

(1) Baba Lal and Mian Mir

(2) Baba Lal and Sarmad

(3) Mulla Shah Badakshi and Chander Bhan Brahman

(4) Baba Lal and Sayyid Niamat Allah

**40.** Which of the following sultan is known to have established *daru'sh shifa* for public in Delhi ?

(1) Sultan Iltutmish (2) Sultan Alauddin Khalji

(3) Sultan Firoz Shah Tughluq (4) Sultan Sikander Lodi

**41.** The Asiatic Society of Bengal was founded to promote :

(1) Indian Paintings

(2) Indian music and dance

(3) Study of Indian languages and scriptures

(4) Indian sculpture

**42.** Who said "what we see around us today is a fallen nation. A nation whose primitive greatness lies buried in ruins" ?

(1) Devendranath Tagore (2) Rammohan Roy

(3) Keshabchandra Sen (4) Shivanath Sastry

**43.** Altaf Hussain Wali wrote nationalist poetry in :

(1) Hindi (2) Urdu (3) Bengali (4) Gujarati

**44.** Which Governor General passed The Press Law on 3rd August 1835 which removed all restrictions on the Press ?

(1) Sir Charles Metcalfe (2) Lord William Cavendish Bentinck

(3) Lord Hastings (4) Lord Ellenborough

**37.** निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन **सही है /हैं** ?

(1) फिरोज तुगलक के पास 1,80,000 गुलाम थे।

(2) फिरोज तुगलक ने 12,000 गुलामों को अपने *कारखानों* में कारीगर के रूप में तैनात किया था।

(3) अलाउद्दीन के दक्षिण अभियानों का निर्माता मलिक काफूर एक गुलाम था।

(4) उपर्युक्त सभी

**38.** किस नदी के बारे में बाबर ने लिखा है, ''हिंदुओं की यह दृढ़ मान्यता है कि यदि इसके जल को कोई व्यक्ति स्पर्श कर लें तो उसके कार्यों के पुण्य नष्ट हो जाते हैं; इसी विश्वास के आधार पर इसका नामकरण किया गया है'' ?

(1) सतलज (2) कर्मनासा (3) रावी (4) चिनाब

**39.** युवराज दारा शिकोह ने किसके साथ विचार-विमर्श के पश्चात् अपना प्रसिद्ध ग्रंथ *मजमा-उल बहरीन* का संकलन किया ?

(1) बाबा लाल तथा मियाँ मीर (2) बाबा लाल तथा सरमद

(3) मुल्ला शाह बदख्शी तथा चन्दर भान ब्राह्मण (4) बाबा लाल तथा सैयद नेमत अल्लाह

**40.** निम्नांकित में किस सुल्तान ने दिल्ली में आम लोगों के लिए *दारुश शिफा* की स्थापना की ?

(1) सुल्तान इल्तुतमिश (2) सुल्तान अलाउद्दीन खलजी

(3) सुल्तान फिरोज शाह तुगलक (4) सुल्तान सिकन्दर लोदी

**41.** निम्नलिखित में से किसे प्रोत्साहित करने के लिए एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना की गई थी ?

(1) भारतीय चित्रकला

(2) भारतीय संगीत और नृत्य

(3) भारतीय भाषाओं और धर्मग्रंथों का अध्ययन

(4) भारतीय मूर्तिकला

**42.** निम्नलिखित में से किसने यह कहा : ''आज हम अपने चतुर्दिक जो देखते हैं वह एक पतित राष्ट्र है। एक राष्ट्र जिसकी पुरातन महानता ध्वंसावशेषों में दफन है'' ?

(1) देवेन्द्रनाथ टैगोर (2) राममोहन राय (3) केशवचंद्र सेन (4) शिवनाथ शास्त्री

**43.** अल्ताफ हुसैन वली ने राष्ट्रवादी कविता लिखी :

(1) हिन्दी में (2) उर्दू में (3) बंगाली में (4) गुजराती में

**44.** किस गवर्नर जनरल ने 3 अगस्त 1835 को प्रेस कानून पारित किया जिसके द्वारा प्रेस पर से सभी प्रतिबंध हटा लिए गए ?

(1) सर चार्ल्स मेटकॉफ (2) लॉर्ड विलियम कैवेन्डिश बेन्टिक

(3) लॉर्ड हेस्टिंग्स (4) लॉर्ड एलेनबरो

**45.** Which was the greatest achievement of Wahabi School of thought in India ?
(1) Establishment of Madrisa-i-Qadima of Farang Mahal
(2) Foundation of Nadwat-al-Ulama of Lucknow
(3) Establishment of Naqshbandiya School at Delhi
(4) Foundation of Dar-ul-Ulumat Deoband

**46.** Arrange the legislations regarding Hindu women in chronological order :
(a) The Age of Consent Act
(b) The Hindu Widow Remarriage Act XV
(c) The Hindu Women's Right to Property Act XVIII
(d) The Child Marriage Restraint Act XIX
**Codes :**
(1) (d), (a), (b), (c) (2) (a), (d), (c), (b) (3) (b), (a), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

**47.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**.
**Assertion (A)** : Ripon introduced the Ilbert bill.
**Reason (R)** : The solidarity and the agitational approach of the European community against the bill served as an eye opener for Indians.
**Codes :**
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true **(R)** is false.
(4) **(A)** is false **(R)** is true.

**48.** The goal of the Muslim women educators was "to create women who would be better wives, better mothers and better muslims". Who said this ?
(1) Gail Minault (2) Gail Omvedt
(3) Christophe Jefferlat (4) Geraldine Forbes

**49.** Which Bengali Painter from among the following wanted art to be of universal language and not limited to a particular school ?
(1) Gaganendranath Tagore (2) Jamini Roy
(3) Rabindranath Tagore (4) Govardhan Ash

**50.** Match **List – I** with **List – II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Sir William Jones | (i) | Compiled *Manual of Buddhism* |
| (b) | Henry Thomas Colebrooke | (ii) | Translated *Shakuntalam* |
| (c) | T.W. Rhys-Davis | (iii) | Worked on *Cave Temples of India* |
| (d) | James Burgess | (iv) | Translated *Amarkosh* |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

- o 0 o -

**45.** भारत में वहाबी विचारधारा का सबसे बड़ा योगदान क्या था ?
(1) फरंग महल के मदरसा-ए-कादिमा की स्थापना
(2) लखनऊ के नदवात-उल-उलमा की स्थापना
(3) दिल्ली के नक्शबन्दिया मत की स्थापना
(4) देवबंद में दार-उल-उलुम की स्थापना

**46.** हिन्दू स्त्रियों के संबंध में विधानों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
(a) सहमति की आयु अधिनियम (द एज ऑफ कन्सेन्ट ऐक्ट)
(b) हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम XV (द हिन्दू विडो रिमैरेज ऐक्ट XV)
(c) हिन्दू स्त्री का सम्पत्ति पर अधिकार अधिनियम XVIII (द हिन्दू वूमेन्स राइट टू प्रोपर्टी ऐक्ट XVIII)
(d) बाल विवाह अवरोध अधिनियम XIX (द चाइल्ड मैरिज रिस्ट्रेन्ट ऐक्ट XIX)
**कूट :**
(1) (d), (a), (b), (c) (2) (a), (d), (c), (b) (3) (b), (a), (d), (c) (4) (c), (d), (a), (b)

**47.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक **अभिकथन (A)** और दूसरा **तर्क (R)** है।
**अभिकथन (A) :** रिपन ने इल्बर्ट बिल प्रस्तुत किया।
**तर्क (R) :** इस विधेयक के विरुद्ध यूरोपीय समुदाय की एकता और आंदोलनकारी दृष्टिकोण ने भारतीयों की आँखें खोल दी।
**कूट :**
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(3) **(A)** सही है और **(R)** सही नहीं है।
(4) **(A)** सही नहीं है और **(R)** सही है।

**48.** मुस्लिम महिला शिक्षकों का लक्ष्य ''ऐसी महिलाओं का सृजन करना था जो एक बेहतर पत्नी बेहतर माँ और बेहतर मुस्लिम होगी।'' यह किसने कहा ?
(1) गेल मिनाल्ट (2) गेल ओम्वेट (3) क्रिस्टफे जफरलाट (4) जेराल्डिन फोर्बेस

**49.** निम्नलिखित में से कौन बंगाली चित्रकार चाहता था कि कला सार्वभौम भाषा हो और किसी विशेष मत तक सीमित न हो ?
(1) गगनेन्द्रनाथ टैगोर (2) जैमिनी राय (3) रविन्द्रनाथ टैगोर (4) गोवर्धन ऐश

**50.** **सूची – I** को **सूची – II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) सर विलियम जोन्स | (i) *मैनुअल ऑफ बुद्धिज्म* का संकलन |
| (b) हेनरी थॉमस कोलब्रुक | (ii) *शाकुन्तलम्* का अनुवाद किया |
| (c) टी.डब्ल्यू. राइस-डेविस | (iii) *'केव टेम्पल्स ऑफ इंडिया'* पर काम किया |
| (d) जेम्स बर्गेस | (iv) *अमरकोश* का अनुवाद किया |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

- o 0 o -

**Space For Rough Work**